हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 23 मार्च 2024


तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

11 बेमौसम बारिश से खरीदी केंद्र में धान भीगे, लाखों की क्षति की आशंका



12 गीता के ज्ञान से मन होता है स्थिर






छ.ग.-प्री.बी.एड. प्रवेश परीक्षा 2024

ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन अंतिम तिथि

24/03/2024

बी.एम. कॉलेज

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829


# होलिका दहन 24 को, 25 को खेलेंगे अबीर-गुलाल, चौराहों पर तैनात होगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

होली पर्व के लिए शहर में रंगों का बाजार सजकर तैयार है। व्यापारियों ने रंग, गुलाल और पिचकारियों से दुकानें सजा रखी है और अब उन्हें ग्राहकों का इंतजार है। वहीं बच्चों को डोरेमॉन और छोटा भीम वाली पिचकारी आकर्षित कर रही है। रंग, गुलाल और पिचकारी की कीमतों में इस बार करीब 10 प्रतिशत बढ़ोत्तरी हुई है। अभी बाजार में ग्राहकों की संख्या कम है, लेकिन व्यापारियों को एक से दो दिनों बाद बेहतर ग्राहकी होने की उम्मीद है। अभी एक दो ग्राहक ही पर्व की खरीदी करने पहुंच रहे हैं। रंगों के पर्व होली की शुरूआत रविवार अवकाश के दिन से हो रही है। 24 मार्च को होलिका दहन होगा वहीं 25 मार्च को रंगोत्सव पर्व जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। होलिका दहन करने के लिए अग्रवाल समाज द्वारा लकड़ी के जगह गोबर के कंडे का इस्तेमाल किया जायेगा। शहर के मंदिरों में भी होली पर्व मनाने विशेष तैयारी की जा रही है। होली पर्व को लेकर बच्चों और युवाओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। इधर बोर्ड की परीक्षाएं 23 मार्च को खत्म हो जाएगी।

ग्रामवासी फाग गीत नगाड़े की थाप में गाते एवं नाचते हुए दिखाई दिए। ग्रामीणों ने बताया होली त्योहार से पहले ही होली का आनंद आना प्रारंभ हो जाता हैं, होली त्योहार का इंतजार कर रहे हैं।

## अग्रवाल समाज पर्यावरण संरक्षण के लिए लकड़ी की जगह गोबर के कंडे का करेगा प्रयोग



### हर्बल और सुगंधित गुलाल की डिमांड ज्यादा हो रही

नगर के तिगड्डा चौक में करीब दर्जनभर दुकानें सजी है। इसके अलावा पुराने बस स्टैंड में भी रंग, गुलाल और पिचकारी की दुकानें सजी है। सभी तरह की पिचकारियों के अलावा लाल, गुलाबी, हरा, पीला, नीला, भगवा रंग के गुलाल उपलब्ध है। इस साल सुगंधित एवं हर्बल गुलाल की डिमांड ज्यादा है। वहीं रंगों में लाल, गुलाबी, हरे और नीले रंग उपलब्ध है। गुलाल की प्लास्टिक की पन्नियों में पैकिंग कर 10 रुपए में बेचा जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### घर घुसकर महिला से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सिघोंड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम घाटकछार में जबदस्ती घर मे घुसकर लाठी-डंडा एवं हथियार लेकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया है की प्रार्थी रूकनी भोई पति अरूण भोई (23) लेखापतर, डुमरपाली, थाना - सोहेला, बरगढ़ ओडिशा के साथ ग्राम घाटकछार स्थित मायके के घर में घुस कर अरूण भोई, उदय भोई एवं अन्य ने लाठी, डंडा एवं हथियार लेकर जबरदस्ती दरवाजा को लात मारकर अंदर घुसकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। महिला की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 452, 294, 323, 506, 427, 34 अपराध कायम किया गया है।



### नतनिन से मिलने गई बुजुर्ग महिला से मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने नतनीन से मिलने गई बुजुर्ग महिला से मारपीट करने पर केस दर्ज किया है। प्रार्थी अंगारू बाई सिदार पति ठाकुर राम (75) ग्राम बेनडारी ने पुलिस को बताया है कि वह अपने नतनीन से मिलने डंगनिया गई, जहां आरोपी नितेश सिदार पिता हेतराम द्वारा गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट कर जमीन में गिराकर घसीटते हुए जान से मारने की धमकी दिया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर से आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत कायम कर जुर्म दर्ज किया है।

### ट्रैक्टर की टक्कर से एक की मौत

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना अंतर्गत हुए एक्सीडेंट में ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि कुलिया बांधा के पास घोंच में ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीवाय 6371 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए देवसिंग ठाकुर पिता कपिल (45) निवासी बगारपाली की बाइक ठोकर मार दिया। घटना में देवसिंग को गंभीर चोटें आई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक पप्पू उर्फ कामदेव साहू के खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# होली पर भगवान नरसिंह और प्रह्लाद की निकाली संकीर्तन यात्रा

आदर्श होली पर्व संचालन समिति की संकीर्तन यात्रा का नगर में स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

आदर्श होली पर्व संचालन समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को नगर कसडोल में भव्य श्री नरसिंग भक्त प्रह्लाद की संकीर्तन यात्रा निकाली गई, जो शाम 4 बजे मां महामाया मन्दिर से निकलकर बजरंग चौक, ब्राह्मण पारा दुर्गा चौक, बाजार चौक, मेन रोड होते हुए मां गायत्री मन्दिर में महाआरती एवं प्रसाद वितरण पश्चात सम्पन्न हुई। नगर में यह शोभायात्रा पहली बार निकाली गई, जिसका उद्देश्य नगर में आदर्श होली मनाने तथा होली के पर्व में अश्लील गाली नशा आदि से जनमानस को दूर रहने जनजागरूकता को लेकर रहा। विभिन्न झांकी एवं संकीर्तन के साथ निकले इस शोभायात्रा में नगर के जनमानस ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। साथ ही सैकड़ों के संख्या में लोग शामिल हुए। नगर में आयोजित इस कार्यक्रम में समस्त धार्मिक समूह सहित महिला समूह सामाजिक समूह का समन्वय के साथ आदर्श होली के इस संकीर्तन यात्रा में नगर के गणमान्य सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्तिथि रही। समिति के सदस्य नीलू चंदन साहू, पुनेश्वर मिश्रा, लक्ष्मी साहू ⏩ शेष पेज 11 पर









## होली पर शहर में रहेगी चॉकचौबंध व्यवस्था

**कसडोल।** आगामी होली त्यौहार के मद्देनजर कसडोल थाना परिसर में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें कसडोल थाना प्रभारी, कसडोल तहसीलदार सहित कसडोल नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों के अलावा पत्रकारगण मौजूद रहे। इस दौरान कसडोल थाना प्रभारी ने लोकसभा चुनाव की वजह से लगे आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने की अपील आम जनता से करते हुए मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधियों से होली को लेकर सलाह भी ली। इस दौरान मौके पर मौजूद जनप्रतिनिधियों ने अवैध शराब और नशे पर अंकुश लगाने की कसडोल पुलिस से अपील की, जिस पर कसडोल पुलिस ने जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि अवैध नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## हुडदंगियों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

**गिधौरी।** होली पर्व को देखते हुए शुक्रवार शाम को गिधौरी थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें गिधौरी थाना प्रभारी केसीदास एवं टुण्डरा तहसीलदार युवराज कुर्रे शामिल हुए। थाना प्रभारी ने बताया की क्षेत्र में शांतिपूर्वक होली मनाया जाये और किसी तरह भी हरे भरे वृक्षों को कटाई नहीं करना है तथा बिजली खंभे के नीचे होलिका दहन नहीं करेंगे और हुडदंग नहीं करने की हिदायत दी गई। साथ-साथ हुडदंगियों पर पैनी नजर रखी जाए। सड़क में व्यवधान उत्पन्न नहीं करने की बात कही। उन्होंने शांतिपूर्ण एक-दूसरों पर रंग गुलाल लगाने की अपील की। शांति समिति की बैठक में प्रमुख रुप से ग्राम घटमडवा उपसरपंच महावीर गोंड, गिधौरी सरपंच प्रतिनिधि सुनील गुप्ता, रामप्रसाद साहू टुण्डरा, प्रकाश साहू, विनोद केशरवानी एवं भारी संख्या में गिधौरी क्षेत्र के जन प्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।





## लोकसभा चुनाव : वाहनों की जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार-सरसीवा

जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर आबकारी अधिकारी सोनल नेताम के नेतृत्व में जिले के भीतर और जिले के चेक पोस्टों में अवैध शराब, रुपया, कपड़े आदि की जांच की जा रही है। निर्वाचन के एसएसटी टीम के साथ साथ वन, पुलिस और आबकारी विभाग के जांच चौकी में तलाशी की जा रही है। इसी तारतम्य में बरमकेला तहसील के ओडिशा बॉर्डर पर स्थित डोंगरीपाली जांच चौकी में आबकारी विभाग द्वारा ओडिशा से आने वाली वाहनों की आकस्मिक जांच जारी है। इसी प्रकार वन विभाग के जांच चौकी भोगडीह, तेंदूभाटा, जैतपुर घाट, मंडलपुर, सालिहाघाट, टुंडरी, बिलाईगढ़, कोलडीपा, भंडोरा आदि में जांच जारी है। सारंगढ़ क्षेत्र में वन विभाग का दानसरा बेरियर में जांच जारी है।

## सट्टा-पट्टी लिखते एक शख्स को किया गया गिरफ्तार

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास पान ठेला से प्रशांत पटनायक पिता स्व. प्रफुल्ल (42) को सट्टा पट्टी लिखते हुए गिरफ्तार किया है जिसके पास से नगदी रकम 3580 रुपए एवं 1 नग मोबाइल कीमत 10 हजार रुपए 4 नग सट्टा पट्टी व डॉट पेन को जब्त कर धारा 6 (क) छ. ग. जुआ प्रतिषेध अधि. 2022 अपराध कायम किया गया है।

# शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग से बनाया संबंध, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले में महिला संबंधी अपराधों के त्वरित रोकथाम के लिए थाना प्रभारी अजय झा के दिशा निर्देश पर सिटी कोतवाली में धारा 363, 366, 376 भादवि 4, 6 पाक्सो एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

मामले के संबंध में सूचक द्वारा थाना में मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनकी नाबालिग नतनीन 18 नवम्बर 2023 को घर में बिना किसी को बताये कहीं चली गई है, कि रिपोर्ट पर सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देश पर धारा 363 भादवि. कायम कर विवेचना में लिया गया। पीड़िता की बरामदगी की गई एवं महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया, जिसमें आरोपी द्वारा घटना दिनांक को शादी कर पत्नी बनाकर साथ रखने का प्रलोभन देकर अपने साथ ले गया और साथ में रखकर शारीरिक संबंध बनाया। पीड़िता के कथन पर प्रकरण में धारा 366, 376 भादवि. 4, 6 पॉक्सो एक्ट जोड़ा गया। प्रकरण में पीड़िता एवं आरोपी का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया। आरोपी मानसिंह बंजारे



# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

नाबालिग बालिका को शादी का झांसा देकर भगा ले जाने के बाद दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने साइबर सेल के सहयोग से पीड़िता को जामुल भिलाई से बरामद कर परिजनों को सौंपा गया। आरोपी को महज 24 घंटे के भीतर ही दबोच लिया गया।

प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया की उनकी नाबालिग लड़की 15 वर्षीय 8 मार्च को सुबह 8 बजे कोई अज्ञात आरोपी बहला फुसलाकर भगाकर ले गया है। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया और पीड़िता को आरोपी प्रहलाद घीतोड़े निवासी पाटन के कब्जे से जामुल भिलाई से बरामद कर परिजनों को सौंपा गया। नाबालिग पीड़िता के बयान पर आरोपी के खिलाफ धारा 366, 376 और पास्को एक्ट 4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर 21 मार्च को न्यायालय में पेश किया गया, जहां उसे जेल भेज दिया गया है।

इसी तरह महिला ने भाटापारा शहर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि स्थानीय निवासी राहुल साहू से इंस्टाग्राम मैसेज के माध्यम से जान पहचान हुई थी, जिसमें इंस्टाग्राम मैसेज के माध्यम से लगातार बातचीत होकर आरोपी द्वारा प्रार्थिया को भाटापारा बुलाकर शादी का प्रलोभन देते हुए कई बार शारीरिक संबंध स्थापित किया। इस रिपोर्ट पर थाना भाटापारा शहर पुलिस ने आरोपी राहुल साहू पिता राज साहू 18 साल 3 माह निवासी नयागंज वार्ड भाटापारा को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।





## स्थाई और गिरफ्तारी वारंटी सहित प्रतिबंधात्मक धाराओं में 7 व्यक्ति गिरफ्तार

# होली से पहले पुलिस ने असामाजिक तत्वों पर की ताबड़तोड़ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

स्थानीय शहर पुलिस द्वारा होली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने असामाजिक तत्वों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने स्थाई, गिरफ्तारी वारंटी सहित प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई करते हुए 7 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है।

कार्रवाई के क्रम में 21 मार्च को भाटापारा शहर में होली पर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने, आवश्यक सुरक्षा प्रबंध हेतु 1 स्थाई वारंटी, 2 गिरफ्तारी वारंटी को पकड़ा गया। साथ ही शहर में शांति व्यवस्था भंग करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 151, 107, 116(3) जा.फौ. के तहत कार्रवाई कर कुल 4 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकार भाटापारा शहर पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 7 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

इसी तरह धारा 151, 107, 116(3) में सतीश डागोर उर्फ बाबा डागा पिता मन्नू डागोर 30 वर्ष निवासी शक्ति वार्ड भाटापारा, चंदन ध्रुव पिता योगेश ध्रुव 43 वर्ष निवासी सर्कस मैदान स्टेशन वार्ड भाटापारा, विक्रय कुमार पिता रामू यादव 25 वर्ष निवासी सर्कस मैदान भाटापारा, राहुल ध्रुव पिता बल्लू ध्रुव 24 वर्ष निवासी सर्कस मैदान भाटापारा का नाम शामिल है। वहीं गिरफ्तारी वारंटी में विकास राठौड़ उर्फ छोटू राठौड़ पिता अनीश राठौर 28 वर्ष निवासी शक्ति वार्ड भाटापारा, शैलेंद्र वर्मा पिता मुकेश वर्मा 24 वर्ष निवासी अटल निवास रावनभाटा गेट नंबर-2 भाटापारा थाना भाटापारा शहर व स्थाई वारंटी गोपी ध्रुव पिता विजय ध्रुव 20 वर्ष निवासी शक्ति वार्ड भाटापारा का नाम शामिल हैं।





## पुलिस ने की मुखौटा दुकानों की जांच

**भाटापारा।** शहर पुलिस ने नगर पालिका की टीम के साथ होली त्यौहार में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने रंग गुलाल की बिक्री करने वाली दुकानों की चेकिंग की और उन्हें आवश्यक समझाइश दी। निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा आगामी होली त्यौहार में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किया जा रहा है तथा इस दौरान असामाजिक तत्वों पर भी लगातार धड़पकड़ कार्रवाई जारी है। इसी क्रम शुक्रवार को थाना भाटापारा शहर की पुलिस ने नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारियों के साथ संयुक्त टीम बनाकर शहर स्थित समस्त होली रंग, गुलाल विक्रय दुकानों में पहुंची। इस दौरान टीम ⏩ शेष पेज 11 पर



## मतदाता जागरूकता के लिए ऐश्वर्या ने बनाई पेंटिंग

**बलौदाबाजार।** पं. चक्रपाणी स्कूल बलौदाबाजार में ब्लाक स्तरीय लोकसभा चुनाव 2024 मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा पेंटिंग पोस्टर कम्पिटीशन रखा गया था, जिसमें शाश्वत स्कूल से ऐश्वर्या घृतलहरे को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इनाम दिया गया। कार्यक्रम में भाग लिए सभी विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। पेंटिंग पोस्टर कम्पिटीशन के पश्चात स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर कलेक्टर के साथ फोटो खिंचवाए।




पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

खबर संक्षेप




## अर्जुन, सिरसा व बबूल लकड़ी का अवैध भंडारण पकड़ा गया

**रायपुर।** रायपुर जिले के अभनपुर ब्लॉक अंतर्गत नवापारा के दो ग्राम में लकड़ी का अवैध कारोबार चल रहा था। अभनपुर तहसीलदार राजस्व ने गुरुवार को शिकायत पर ग्राम दुलना और तर्री में छापा मार कार्रवाई की। इस दौरान दोनों जगह से अर्जुन, सिरसा एवं बबूल लकड़ी के छोटे-बड़े करीब 11 सौ गोले जब्त करते हुए अवैध कारोबार में शामिल लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अभनपुर के मार्गदर्शन में तहसीलदार नवापारा ने ग्राम दुलना में रामशरण के ब्यारा में छापा मारा। यहां से करीब 900 अर्जुन और बबूल लकड़ी के छोटे-बड़े गोले जब्त किए। इसी प्रकार ग्राम तर्री के माखन आरा मिल के पीछे रिक्त स्थान से करीब 200 अर्जुन, सिरसा और बबूल लकड़ी के छोटे-बड़े गोले जब्त किए।। दोनों प्रकरण में लकड़ियों का अवैध भंडारणा जब्त कर वन विभाग के सुपुर्द कर दिया गया है। इस मामले में लकड़ियों का अवैध रूप से भंडारण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

## शहीद हेमू कालाणी की जयंती कल

**रायपुर।** क्रांतिवीर अमर शहीद हेमू कालाणी समिति की ओर से शहीद



हेमू कालाणी की जयंती, पुण्यतिथि एवं देशभक्ति के विविध समारोह आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में कचहरी चौक स्थित शहीद हेमू कालाणी प्रतिमा स्थल में 23 मार्च को सुबह 10.30 बजे शहीद हेमू कालाणी जयंती मनाई जाएगी। यह कार्यक्रम संत युधिष्ठिर लाल महाराज, गोस्वामी आनंदपुरी साहिब, अम्मा मीरा देवी के सानिध्य में की जाएगी। समिति के संस्थापक त्रिलोकचंद चिमनानी, अध्यक्ष किशोर आहूजा एवं मीडिया प्रभारी भरत पमनानी ने बताया कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के लिए कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व मंत्री व विधायक राजेश मूणत, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक मोतीलाल साहू, महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय एवं विशिष्टजनों को आमंत्रित किया गया है।

## निगरानी दलों ने 2.84 करोड़ रुपए नकदी और सामान किया जब्त

**रायपुर।** राज्य में लोकसभा आम निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से अब तक दो करोड़ 84 लाख रुपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा निगरानी के दौरान 21 मार्च तक 95 लाख रुपए नगद जब्त की गई हैं। 7229 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 16 लाख रुपए है। सघन जाँच अभियान के दौरान 92 लाख रुपए कीमत के 346 किलोग्राम मादक पदार्थ तथा 52 लाख रुपए कीमत के 840 ग्राम कीमती आभूषण तथा रत्न भी जब्त किए गए हैं।

## भारत भूमि पर दिखाई नहीं पड़ेगा चंद्रग्रहण और सूर्यग्रहण

**रायपुर।** मां महामाया देवी मंदिर-



समलेश्वरी देवी के पुजारी पं. मनोज शुक्ला महाराज ने बताया कि 25 मार्च और 8 अप्रैल को विश्व के भूगोल पर घटित होने वाला चंद्रग्रहण तथा सूर्यग्रहण भारत भूमि पर दिखाई नहीं पड़ेगा। इसलिए किसी भी तरह के धार्मिक पूजा पाठ, अनुष्ठान, गृहप्रवेश, वास्तु पूजा, पितृदोष निवारण, श्रीमद भागवत महापुराण, शिवपुराण, देवीपुराण आदि कथा तथा हस्तलिखित जन्म पत्रिका बनाने के लिए संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया तथा अन्य विभिन्न स्त्रोतों द्वारा बताए जा रहे समाचारों पर न ही स्वयं ध्यान दें और न ही किसी और को भेजकर गलत प्रचार करें।

# एनजीडीआरएस सिस्टम में कई कमियां, डिमांड पर दूर की जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एनजीडीआरएस सिस्टम में कई तरह की कमियां हैं। इन कमियों को डिमांड के अनुसार विभाग धीरे-धीरे दूर कर रहा है। इन कमियों में एक प्रधानमंत्री आवास योजना का ऑप्शन है, जिसे नये सिस्टम के साफ्टवेयर में एड नहीं किया गया था।

जिले में इसकी डिमांड आने पर यह ऑप्शन भी एड कर दिया गया है। इस ऑप्शन के एड होने के बाद जमीन या मकान की रजिस्ट्री कराने के साथ लोग प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए भी आवेदन कर पाएंगे। पंजीयन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह ऑप्शन नये साफ्टवेयर में पहले नहीं था, लेकिन डिमांड आने के बाद इसे भी अब एड कर दिया गया है। विदित हो कि छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य के सभी पंजीयन कार्यालयों में ई-पंजीयन साफ्टवेयर के स्थान पर राष्ट्रीय सामान्य दस्तावेज़ पंजीकरण प्रणाली (एनजीडीआरएस) लागू किया है। यह योजना लागू कर दी गई है।

इसके तहत रायपुर सहित कई जिलों में इस नये सिस्टम के जरिए ही ऑनलाइन पंजीयन कराने के लिए आवेदन करने के साथ रजिस्ट्रियां भी की जा रही हैं, लेकिन नये सिस्टम में अभी भी कई कमियां हैं, साथ ही इसे समझने में लोगों को परेशानी हो रही है। इसके कारण राज्य में इस नये सिस्टम को 1 अप्रैल से पूर्ण रूप से लागू करने का निर्णय लिया गया है।

### आरडीए, हाउसिंग बोर्ड का ऑप्शन भी एड

रजिस्ट्री के नये सिस्टम में इससे पहले रायपुर विकास प्राधिकरण और छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड का ऑप्शन भी नहीं था। एनजीडीआरएस सिस्टम में इन दोनों के ऑप्शन के लिए भी डिमांड आई थी, जिसके बाद विभाग ने ये दोनों ऑप्शन भी सिस्टम में एड कराया है। ये दोनों ऑप्शन एड होने के बाद लोगों को आरडीए और हाउसिंग बोर्ड द्वारा बेचे गए मकानों व फ्लैट्स की खरीदी कर उसकी रजिस्ट्री भी आसानी से करा पा रहे हैं, साथ ही लोगों को आरडीए और हाउसिंग बोर्ड की योजनाओं का भी लाभ मिल पाएगा।

अब प्रधानमंत्री आवास योजना का भी ऑप्शन




### डिमांड आने पर सिस्टम में एड कर कमी दूर की जा रही

एनजीडीआरएस सिस्टम नया है। इसके कारण कई चीजें अभी एड नहीं हो पाई हैं। जैसे-जैसे डिमांड आती है, उसे सिस्टम में एड कराकर कमी को दूर किया जा रहा है।

\- **आशुतोष कौशिक,** जिला पंजीयक रायपुर

### ट्रेनिंग के नाम पर खानापूर्ति

नये सिस्टम को समझने के लिए विभाग सभी पंजीयन कार्यालयों के पंजीयक, उप पंजीयक सहित विभागीय कर्मचारियों के साथ वकीलों एवं रजिस्ट्री से संबंधित काम करने वाले अन्य लोगों को भी प्रशिक्षण दिया जाना था। इसके लिए मार्च में प्रत्येक जिले में प्रशिक्षण कैंप भी आयोजित किया जाना था, लेकिन यह आदेश सिर्फ कागजों पर ही दिखा है। विभाग ने सिर्फ कुछ दिनों तक ही प्रशिक्षण कार्यक्रम किया। इसमें भी सिर्फ पंजीयन विभाग के उप पंजीयकों को ही प्रशिक्षण दिया गया, जिसके कारण नये सिस्टम को समझने में सभी को अभी भी दिक्कतें आ रही हैं।

### शराब पीकर स्पीड बाइक चलाने वालों की होली लॉकअप में

# होली पर्व पर हुड़दंग रोकने 90 पेट्रोलिंग टीमें तैनात, 50 फिक्स पाइंट लगाकर होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

होली पर्व के अवसर बदमाश किसी तरह से आपराधिक घटना को अंजाम न दो पाएं, इसके मद्देनजर पुलिस थाना स्तर पर फ्लैग मार्च करने के साथ गुंडे-बदमाशों की धरपकड़ तेज कर दी गई है। साथ ही आईजी तथा एसएसपी पुलिस अफसरों की लगातार बैठक लेकर होली में सुरक्षा उपाय के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं।

होली में आपराधिक घटनाओं को रोकने शहर में 40 से 50 फिक्स पाइंट लगाए जाएंगे। इस दौरान जिले में पुलिस की 90 पेट्रोलिंग पार्टी गश्त करेंगी। एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक होली पर्व के पूर्व से बदमाशों की धरपकड़ तेज कर दी गई है। सभी थाना क्षेत्रों में आदतन बदमाशों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा जा रहा है। पुलिस अफसर के मुताबिक शराब के नशे में धुत होकर व ट्रिपल सवारी वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। अनदेखी करने पर लॉकअप में मनेगी होली पुलिस अफसर के



मुताबिक तीन सवारी तथा शराब पीकर वाहन नहीं चलाने की हिदायत की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई तो की ही जाएगी, साथ ही वाहन भी जब्त कर कोर्ट में पेश किया जाएगा। शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों को गिरफ्तार करने की चेतावनी भी पुलिस अफसर ने दी है। रिहायशी, घनी आबादी वाले इलाकों पर नजर पुलिस अफसर के



अनुसार होली का पर्व हर जगह मनाया जाता है, ऐसे में रिहायशी इलाके, जहां ज्यादा लोग रहते हैं, जहां आबादी घनी है। ऐसी जगहों पर पुलिस की व्यवस्था भी ज्यादा रहेगी। इसके लिए पुलिस ने पॉइंट बी चिन्हित किए हैं।

आबादी के हिसाब से कहां, कितने का बल लगाना है, इसके लिए सभी थाना क्षेत्रों से जानकारी मंगाई गई है। उसके अलावा डॉयल-112 टीम भी अलर्ट मोड पर रहेगी। होली के दो दिन पहले से जांच तेज होलिका दहन इस बार रविवार को होगा। अवकाश होने की वजह से होलिका दहन के एक दिन पूर्व से ही पुलिस शहर की एंट्री में फिक्स पाइंट लगाकर चेकिंग तेज करने की बात कह रही है। बाहर से आने वाले संदिग्ध वाहनों की जांच करने के साथ ही पुलिस आउटर के होटल तथा ढाबों की जांच करने की बात कह रही है।

### डीजे-मुखौटे प्रतिबंधित, ध्वनि यंत्रों का उपयोग 10 बजे तक



**रायपुर।** होली में पिछली बार की तरह इस बार भी डीजे और मुखौटा लगाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही ध्वनि यंत्रों का उपयोग भी रात 10 बजे तक किया जा सकेगा। निर्धारित समय के बाद ध्वनि यंत्रों का उपयोग करते पाये जाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसी तरह होलिका दहन भी मुहूर्त के अनुसार रात 12.30 बजे तक किया जाएगा। होलिका दहन के बाद सभी लोगों को भी घर लौटना होगा। ये सभी निर्देश गुरुवार को अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल ने शांति समिति की बैठक में दिए। अपर कलेक्टर ने होलिका दहन के चार दिन पहले शांति समिति की बैठक बुलाई थी। यह बैठक कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस भवन में हुई, जिसमें जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अलावा विभिन्न समाज के प्रमुखों को भी बुलाया गया था। बैठक में अपर कलेक्टर ने शहर में होली एवं अन्य त्योहार भाईचारे एवं शांतिपूर्ण रूप से मने इसे लेकर समाज के प्रमुख लोगों को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने समाज प्रमुखों से भी सुझाव लिए।

# विकास अध्यक्ष, महेश बने प्रदेश महासचिव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी ने गुरुवार को प्रदेश की युवा विंग का गठन किया, जिसमें युवा विंग का प्रदेश अध्यक्ष समाजसेवी विकास रूपरेला बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में महेश आहूजा को प्रदेश महासचिव और जितेंद्र शादीजा को प्रदेश कोषाध्यक्ष का पद सौंपा गया। पंचायत के प्रदेशाध्यक्ष महेश दरयानी व प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि आज प्रदेश की युवा विंग के गठन के बाद जल्द ही प्रदेश की कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। साथ ही रायपुर की युवा विंग का अलग से गठन किया जाएगा, रायपुर की युवा विंग के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी होंगे, वे रायपुर शहर के सक्रिय युवाओं में से लिए जाएंगे और वह टीम रायपुर शहर में ही अपना काम करेगी। नई टीम को जिम्मेदारी सौंपते हुए प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी ने उम्मीद जताई कि वे उनकी व समाज की उम्मीदों पर खरे उतरेंगे।

### जांच अभियान, 46 लाख से ज्यादा रकम जब्त

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस ने जांच अभियान तेज कर दिया है। इस दौरान दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो लोगों के कब्जे के 46 लाख 78 हजार रुपए जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार मंदिर हसौद टोल नाका के पास एक कार की जांच के दौरान छह लाख 78 हजार रुपए मिले, वहीं कोतवाली थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति के बैग से 40 लाख रुपए कैश मिले।

# सोशल मीडिया आधुनिक युग की कारगर प्रणाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ भाजपा ने किया रायपुर लोकसभा सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स मीट का आयोजन

भाजपा आईटी सेल के तत्वाधान में महाराजा अग्रसेन कॉलेज में सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल कहा, कुछ लोग सोशल मीडिया को आभासी दुनिया मानते थे परंतु यह वास्तव में एक दमदार प्रभावी दुनिया है। आज के आधुनिक युग में सोशल मीडिया इनफ्लूएंसर्स समाज के हर विषय पर तत्काल प्रतिक्रिया करते हैं। आज सोशल मीडिया में परिणाम बदलने और समकालीन विषयों पर एजेंडा सेट करने की ताकत है।

श्री अग्रवाल ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से तात्कालिक विषयों पर प्रतिक्रिया देते हैं, संदेश प्रचारित करते हैं। उनके द्वारा कुछ नया करना सोशल मीडिया में ट्रेंड बन जाता है। युवाओं से सीधे जुड़ने के लिए वे सोशल मीडिया में लगातार सक्रिय रहते हैं। आज हैश टैग का जमाना है और प्रधानमंत्री द्वारा किसी हैश टैग को पर कुछ लिखना ट्रेंड बन जाता है। रायपुर लोकसभा के सांसद सुनील सोनी ने कहा, सोशल मीडिया की ताकत कमतर नहीं आंकी जा सकती और इसका प्रमाण 2014 लोकसभा के नतीजे हैं। सोशल मीडिया की ताकत से देश में एक स्थाई सरकार का निर्माण हुआ। 2014 के चुनाव में सोशल मीडिया के माध्यम से परिवर्तन की लहर चली। रायपुर लोकसभा प्रभारी संदीप शर्मा और संयोजक अशोक बजाज ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

# नक्सलवादी बोले- पहले हमारी शर्तें माने सरकार, फिर होगी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य सरकार के साथ वार्ता को लेकर नक्सलियों ने एक बार फिर बयान जारी किया है। नक्सलियों की दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने कहा कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा वार्ता करने की बात कर रहे हैं, लेकिन नक्सलियों द्वारा पूछे जा रहे सवाल का सीधा जवाब नहीं दे रहे हैं। विकल्प ने एक बार फिर दोहराया कि हम बातचीत के लिए तैयार हैं, लेकिन पहले हमारी शर्तें मानते हुए उसका सीधा जवाब सरकार दे। दूसरी ओर गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि वार्ता के संबंध में मैं विस्तृत चर्चा कर अपनी बात रखूंगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री से भी मार्गदर्शन लूंगा।

### नक्सलियों ने सामने रखी ये मांगें

नक्सलियों का कहना है कि अनुकूल वातावरण निर्मित होने की स्थिति में हम वार्ता के लिए आगे आएंगे, हमारी शर्तों के मुताबिक छह माह तक सशस्त्र बलों को कैम्पों तक सीमित कर नए कैम्प स्थापित ना किया जाए, झूठी मुठभेड़ बंद हो और आबादी के अनुरूप दलितों, आदिवासियों, पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए सभी शासकीय, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के शैक्षिक व औद्योगिक संस्थानों में आरक्षण लागू करते हुए दलितों पर हिंसा, उत्पीड़न, शोषण पर रोक लगाने की हमारी मांग है।

### गृहमंत्री ने दिया ये जवाब

नक्सलियों के पत्र के जवाब में डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा है कि नक्सलियों ने किसानों को दोगुना दाम की बात कही है, छत्तीसगढ़ के किसानों को 3100 रुपये पहले ही मिल रहा है। विकास कार्यों को लेकर भी नक्सलियों ने टिप्पणी की है। सड़क, बिजली, पुल, पुलिया से कॉर्पोरेट का क्या संबंध है। वार्ता के संबंध में मैं विस्तृत चर्चा कर अपनी बात रखूंगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री से भी मार्गदर्शन लूंगा।

### गृहमंत्री कोई सीधा जवाब नहीं देते

नक्सल प्रवक्ता विकल्प ने कहा कि जाति उन्मूलन, आदिवासी अंचलों को सही जनवादी स्वायत्तता, देश व विदेशों के कॉरपोरेट कंपनियों के साथ किए गए उन तमाम बड़ी खनन, बांध, औद्योगिक, सड़क, रेल, पर्यटन, टाइगर रिजर्व, अभयारण्य परियोजनाओं से संबंधित सभी समझौतों जो कि आदिवासियों को उनके जल-जंगल-जमीनों से बेदखल करने एवं देश की सार्वजनिक संपदाओं व संसाधनों की सस्ती लूट के लिए उद्देश्यित हैं, पर्यावरण को बर्बाद करने वाले हैं, इनको रद्द किया जाए।

# गुम बच्चे की वजह से माता-पिता का विवाद सुलझा, मुस्कुराते हुए घर लौटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



■ परिवार परामर्श केंद्र में विवाद सुलझाने पहुंचे दंपति के गुम बच्चे को पुलिस ने ढूंढ कर दिया

पति-पत्नी के बीच विवाद होना आम बात है, लेकिन मामले में किसी दूसरे पक्ष को हस्तक्षेप करना पड़े, तो स्थिति विकट हो जाती है। गुरुवार को ऐसी विकट स्थिति को सुलझाने में दंपति के बच्चे का अहम रोल रहा।

परिवार परामर्श केंद्र में आपसी विवाद सुलझाने पहुंचे दंपति का बच्चा गुम गया। बच्चा गुमने की घटना से पति-पत्नी दोनों परेशान हो गए। इसके बाद दंपति आपसी विवाद भूलकर पुलिस के पास मदद मांगने पहुंचे। पुलिस ने भी फुर्ती दिखाते हुए गुम बच्चे को दंपति के सुपुर्द किया।

दरअसल पूरा मामला इस प्रकार से है, उरला निवासी दंपति अपने पारिवारिक कारणों की वजह से अपनी पत्नी के साथ परिवार परामर्श केंद में काउंसिलिंग के लिए पहुंचा था, तभी उनका तीन साल का बेटा खेलते हुए अचानक गुम हो गया। परिजन एक घंटे तक आस-पास बच्चे को ढूंढते रहे, लेकिन बच्चा कहीं नहीं मिला। इसके बाद बच्चे का पिता पुलिस के पास मदद मांगने पहुंचा। पुलिस की रक्षा टीम ने बच्चे को भट्टर हास्पिटल के पास से रिकवर कर माता-पिता को सौंपा।

### बच्चे की पीड़ा बताकर दंपति को मिलवाया

बच्चा गुम होने की घटना के बाद दंपति को जो पीड़ा झेलनी पड़ी, इसी बात को आधार बनाकर काउंसिलिंग में शामिल काउंसिलरों ने दंपति को समझाते हुए कहा कि परिवार एक गुलदस्ता की तरह होता है, गुलदस्ता से एक फूल भी इधर उधर हो जाए, तो गुलदस्ता की खूबसूरती बिगड़ जाती है। काउंसिलिंग में शामिल लोगों ने दंपति को बच्चे का हवाला देकर दंपति के अलगाव को दूर कर मिलवाने का काम किया। इसके बाद दंपति आपस में सुलह करते हुए एक दूसरे का हाथ पकड़कर बच्चे के साथ घर लौटे।

# राशन दुकानों में नरेंद्र मोदी के फोटो वाले झोले में राशन, रेलवे स्टेशनों, पेट्रोल पंपों से विज्ञापन हटाएं





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रेलवे स्टेशनों, पेट्रोल पंपों में नरेन्द्र मोदी के फोटो वाले विज्ञापनों और राशन दुकानों में मोदी के फोटो वाले झोले में राशन वितरित करने की शिकायत कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त से की है। राजनांदगांव लोकसभा के अंतर्गत ग्राम-भर्रेगांव, केन्द्र क्रमांक-75, के राशन दुकानदार द्वारा मोदी सरकार की गारंटी सभी को अनाज, पोषित समाज से चिन्हांकित और मोदी के फोटोयुक्त कैरी बैग, थैला में वर्तमान समय में लोगों को राशन दिये जाने का वीडियो भी कांग्रेस ने चुनाव आयुक्त को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान समय में देश में आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों के क्षेत्राधिकार से संबंधित राशन दुकानों में मोदी के फोटोयुक्त कैरीबैग, थैला में राशन सामग्री दिया जाना आदर्श आचार संहिता का घोर उल्लघंन है।

साथ ही पेट्रोल पंपों, एवं रेलवे स्टेशनों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फोटो वाले विज्ञापन लगे हैं, इसको तत्काल हटाया जाये। यह आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन है, मामले में दोषी लोगों पर तत्काल कार्रवाई की जाये। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व मंत्री कवासी लखमा, प्रदेश कांग्रेस वॉररूम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, अजय साहू, पूर्व महामंत्री अमरजीत चावला, रिषभ चंद्राकर, सोमेन चटर्जी, पूजा देवांगन, रजत जसूजा, दिनेश निर्मलकर उपस्थित थे।

# सील करने पहुंची निगम की टीम तब किया 4.50 लाख का भुगतान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम की राजस्व विभाग की टीम गुरुवार को शहर के पंडित रविशंकर शुक्ल वार्ड में स्थित होटल वंश के संचालक से साढ़े चार लाख रुपए की बकाया राशि वसूलने की कार्रवाई की। होटल संचालक ने पिछले दो साल का संपत्ति कर अदा नहीं किया था। राजस्व विभाग ने बड़े बकायेदारों की सूची में इस होटल के नाम की भी पर्ची काटी थी। टीम जब होटल पर कार्रवाई करने पहुंची, तो उसके संचालक ने होटल को सील किए जाने के भय से तत्काल मौके पर ही बकाया राशि का चेक बनाकर भुगतान कर दिया, जिसके बाद टीम ने कार्रवाई नहीं की। टीम ने एक अन्य प्रकरण में बकाया राशि वसूली शास्त्री बाजार पहुंची थी। यहां दुकान क्रमांक सी-23 का किरायेदार रितेश सोनकर पर 40 हजार रुपए बकाया है। टीम ने इस प्रकरण में बकाया राशि नहीं देने पर दुकान को सील कर दिया।

# महावीर नगर सिंधी पंचायत ने बांटा गुलाल



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा दूसरे दिन गुरुवार को निशुल्क हर्बल गुलाल वितरण महावीर नगर सिंधी पंचायत क्षेत्र में भगवान झूलेलाल चौक पर किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी ने कहा कि होली पर्व पर एक अनोखा काम सिंधी काउंसिल द्वारा गुलाल वितरण कर किया जा रहा है। सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि दो दिन और भी अलग-अलग जगह गुलाल वितरण किया जाएगा। मालवीय रोड व्यापारी संघ के महामंत्री राजेश वासवानी ने कहा, होली खुशी का तिहार है और इसमें आपसी भाईचारा कायम रहता है। गुलाल वितरण के अवसर पर गणेशा गुलाल के अनुज गोयल, बंटी जुमनानी, अजय जैसिंघानी, नितिन कृष्णानी, महेश मिर्घानी, भगवाना आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### विद्युत खंबे, ट्रांसफार्मर के आसपास होली न जलाएं

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने विद्युत उपभोक्ताओं से कंपनी के अधीक्षण अभियंता (नगर वृत्त-1) के डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने अनुरोध किया है कि विद्युत खंबों एवं ट्रांसफार्मर के आसपास और विद्युत तारों के नीचे होलिका दहन न करें, जिससे अप्रिय घटना घटित हो।

### बीएड द्वितीय की परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**महासमुंद।** बीएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा परिणाम घोषित की गई। जिसमें श्याम बालाजी महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रथम क्षमा साहू 85.75%, द्वितीय मोक्षदा गिरी गोस्वामी 84%, तृतीय कौशिल्या ध्रुव 83.25 रहे। जिस पर महाविद्यालय के संचालक हेमंत चंद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर, प्राचार्या डॉ अंकिता चंद्राकर आदि ने हर्ष जताया है।

### गांजे के परिवहन में संलिप्त मप्र के दो आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिले की बलौदा पुलिस ने गांजा के अवैध परिवहन के मामले में दो आरोपियों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी के पास से 26 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों पर नारकोटिक एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि चेकिंग के दौरान ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही टीयूवी300 महिंद्रा कंपनी का सफेद कलर बिना नंबर प्लेट वाला कार को रोका गया। वाहन में दो व्यक्ति सवार थे। वाहन में सवार व्यक्ति ने अपना नाम अनिल यादव पिता रामबरन यादव (24) वार्ड नंबर 18 हनुमान मंदिर कोलगाम, जिला सतना (मप्र), और विनय पटेल पिता चंद्रपाल पटेल (21) निवासी गटना अजगढ़ का निवासी होना बताया। पूछताछ करने पर ड्राइविंग सीट में बैठा व्यक्ति गोल-मोल जवाब देने लगा। इसके बाद पुलिस ने वाहन की तलाशी ली। जिस पर पिछली सीट के नीचे बने चैंबर में 25 पैकेट खाखी रंग के टेप से टेपिंग किया हुआ मादक पदार्थ गांजा 26 किलो (कीमत 390000 रुपए) जब्त किया है। इसके अलावा आरोपियों के पास से बिना नंबर की वाहन कीमत 6 लाख, दो नग मोबाइल 1000 रुपए को जब्त किया गया है। मामले में आरोपियों पर थाना बलौदा में धारा 20 ख नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया।

### खाद्य पदार्थों के सैंपल संकलन और जांच की कार्रवाई जारी

**महासमुंद।** त्यौहारी सीजन में अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री को रोकने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा आयुक्त खाद्य सुरक्षा के निर्देशानुसार एवं उमेश कुमार साहू अभिहीत अधिकारी सह अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद के मार्गदर्शन में ज्योति भानु खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं शंखनाद भोई खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा अपने प्रभार क्षेत्र के अंतर्गत होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए त्यौहारी सीजन में बहुतायत उपयोग होने वाले खाद्य पदार्थों जैसे मिठाइयां, खाद्य तेल, आटा, बेसन, मैदा आदि खाद्य पदार्थों के विगत 01 माह के भीतर 23 विधिक खाद्य नमूना संकलित कर जांच किया गया ।

# 14 साल की उम्र से शराब पी रहा था युवक, बन गई 30 सेमी पानी की थैली, पेट में छेद कर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

किशोरावस्था से शराब का सेवन करना एक युवक के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो गया। इसके कारण युवक के अग्नाशयण में 30 सेमी बड़ी पानी की थैली बन गई। इसका ऑपरेशन आंबेडकर अस्पताल में किया गया। चिकित्सकों के मुताबिक, इतनी कम उम्र में शराब सेवन के कारण अग्न्याशय में स्यूडो सिस्ट बन जाने का केस बहुत कम होता है। आमतौर पर इतनी कम उम्र में यह बीमारी वंशानुगत कारणों से होती है। इस केस में युवक किशोरावस्था से शराब का सेवन कर रहा था। विगत 4 वर्षों से शराब का सेवन करने से मरीज के पेट में यह बीमारी उत्पन्न हो गई, जो कि पिछले दो माह से बढ़ रही थी। इसके कारण मरीज को पेट में सूजन एवं दर्द की शिकायत थी। जांच में पता चला कि बेहद ही कम उम्र में शराब के सेवन से 18 वर्षीय युवक के अग्न्याशय यानी पैंक्रियाज में बन चुकी 30 सेंटीमीटर से बड़ी पानी की थैली अर्थात स्यूडो सिस्ट बन चुका था।

## शराब की लत ने युवक को बना दिया गंभीर बीमारी का मरीज

### सिस्ट की वॉल को जोड़ा अमाशय की वॉल से

जनरल सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू सिंह के नेतृत्व में हुए इस ऑपरेशन में आमाशय द्वारा अग्न्याशय में बनी थैली के पानी को निकालकर जोड़ा गया। डॉ.एसएन गोले, डॉ. अमित अग्रवाल एवं डॉ. मनीष साहू भी ऑपरेशन करने वाली टीम में शामिल रहे। सिस्टोगैस्ट्रोस्टोमी सर्जरी तकनीक से यह ऑपरेशन किया गया, जिसमें अग्न्याशयी स्यूडो सिस्ट और पेट के बीच एक छेद बनाया जाता है। सिस्ट की वॉल को आमाशय की वॉल से एनास्टोमोसिस (कनेक्ट) कर दिया जाता है।




### केवल सर्जरी ही समाधान

डॉ. अमित अग्रवाल के मुताबिक, यह बीमारी ज्यादातर उम्रदराज या फिर 30 से 50 वर्ष के लोग जो लंबे समय से शराब का सेवन करते हैं, उनमें पाई जाती है किन्तु आजकल युवाओं में बढ़ते शराब के सेवन के कारण कम उम्र में यह बीमारी देखने को मिल रही है। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है और युवाओं के सेहत के लिए ठीक नहीं है। इस बीमारी का मुख्य कारण शराब की लत है,कई बार यह बीमारी जानलेवा होती है एवं समाधान केवल सर्जरी है इसलिए युवाओं को शराब से दूर रहने में ही भलाई है। इस सफल ऑपरेशन में जनरल सर्जरी विभाग के सीनियर डॉक्टरों के साथ-साथ पीजी थर्ड ईयर के डॉ. अंकित, डॉ. सुरभि, डॉ. रेणु, सेकंड ईयर के डॉ. राजीव, डॉ. रवि, डॉ. प्रदीप, फर्स्ट ईयर के डॉ. राजन, डॉ. तपनीश, डॉ. कमलेश्वर एवं डॉ. रेशम का सहयोग रहा।

## मौसम : धान अंकुरित आने से खरीदी केंद्र को होगा लाखों का नुकसान

# बेमौसम बारिश से खरीदी केंद्र में धान भीगे, लाखों की क्षति की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवा

बरमकेला ब्लॉक के डोंगरीपाली धान खरीदी केंद्र में मंडी प्रबंधक की बड़ी लापरवाही सामने आई है। मंडी प्रबंधक की मनमानी से शासन को लाखों रुपए का नुकसान हो गया। इसकी लापरवाही से धान के सैंकड़ों बोरी बारिश में भीगकर अंकुरित हो गई, जबकि अधिकारियों के अनुसार संग्रहण केंद्र में धान को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी केंद्र प्रभारियों की है।

**मामला डोंगरीपाली धान खरीदी केंद्र का, प्रबंधन की लापरवाही आयी सामने**

इसके बाद भी खुले में धान की बोरियां को रखा गया और बारिश में भीग गए, जो समिति प्रबंधक की घोर लापरवाही दर्शाती है। धान खरीदी केंद्रों में खरीदी की गई धान की सुरक्षा के लिए शासन की ओर से समितियों को लाखों रुपए की राशि का भुगतान किया जाता है।

इसमें चौकीदार, बारिश से बचाने के लिए तिरपाल, भूसी की खरीदी, समेत अन्य कार्य शामिल हैं। शासन से मिलने वाली राशि लाखों रुपये की होती है। इसके बाद भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं की जा रही है। किसानों ने बताया की धान खरीदी केंद्र डोंगरीपाली में हजारों क्विंटल धान जमीन में बिना तालपतरी के रखे हुए हैं। साथ ही कुछ जगह साधारण पन्नी से धान की छल्लियों को ढंकने के लिए उपयोग किया गया है, जो धान को पानी से बचाने के लिए नाकाफी है। खुले में बिना सिलाई के खरीदी किए हजारों बोरा धान छोड़ दिया गया था। लोगों की माने तो मिली राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। यहां खुले में रखा हजारों बोरी धान भींगता रहा, इस पर मण्डी प्रबंधक द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया और न तो कोई उचित व्यवस्था की गई। समिति प्रबंधक ने मौके का निरीक्षण करना भी जरूरी नहीं समझा। बाद में मजदूरों ने आ कर फड़ में रखे धान को प्लास्टिक ढंक कर छोड़ दिया है। तब तक हजारों बोरा धान भींग जाने से भारी नुकसान हो गया। जब इसकी पड़ताल करने पत्रकार गए तो प्रबंधक नदारत थे। वहीं फड़ प्रभारी बाद में आए, पर जानकारी लेने पर उन्होंने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया। इसकी शिकायत अब अंचल के किसान जल्द ही जिला कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़ से करने की जानकारी दे रहे हैं।



# जले ऑयल, वार्निस का प्रयोग न करें होली पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

अनु विभाग मुख्यालय के अंतर्गत पुलिस थाना बिलाईगढ़ में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में नगर एवं आसपास के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इसमें होली का त्यौहार सादगी एवं शालिनता से मनाने नागरिकों से सुझाव भी मांगा गया। इस पर किसी को जबरन गुलाल न लगाना, जले ऑयल, वार्निस का प्रयोग नहीं करने, हरे भरे वृक्षों को नहीं काटना, रास्ता अटैक ना करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, डीजे पर पूर्णत प्रतिबंध तथा अवैध शराब पूर्णता बंद आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा उपरांत निर्णय लिया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अनुविभागीय अधिकारी पुलिस विजय ठाकुर, थाना प्रभारी बिलाईगढ़ शिवकुमार धारी, तहसीलदार कमलेश सिदार, नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष राम नारायण देवांगन, प्रहलाद डडसेना, दिलीप दुबे, प्रभाकर कर्ष, संतोष साहू,यादराम हिरवानी, संतोष कुमार साहू, इतवारी साहू, सम्मेलन साहू, महेंद्र श्रीवास, शैलेंद्र देवांगन, धनेश कुमार यादव, वेद प्रकाश, प्रदीप देवांगन, विजय सोनी, सुमित अग्रवाल, आदिलोग मौजूद थे।

■ शांति समिति बैठक में लिए गए कई निर्णय

### महुआ संग्रहण के लिए जंगल नहीं जाने की अपील

**महासमुंद।** इन दिनों जंगल में सोना बिखर रहा है। महुआ बिनने जा रहे लोगों को हाथियों का भय भी सता रहा है। दंतैह हाथी के पिछले दिन सिरपुर क्षेत्र के कक्ष क्रमांक 12, 13 14 में लहंगर एवं गुडरुडीह बांसकुड़ा, बिरबिरा के बीच जंगल में विचरण करने की सूचना के बाद अब इसके फिंगेश्वर क्षेत्र में होने की सूचना मिल रही है। इस बीच वन विभाग ने ग्रामीणों से जंगल की ओर नहीं जाने की अपील की है। गौरतलब है कि हाथियों के राष्ट्रीय राजमार्ग 53को पार करने की संभावना व्यक्त करते हुए वन विभाग ने कोडार, कौवाझर, तुमगांव, बंजारी, लोहरडीह, सोरिद ग्रामीणों से सतर्क रहने कहा था। साथ ही कहा गया था कि ग्रामीण महुआ संग्रहण करने जंगल की ओर न जाएं। बता दें कि बीते दिनों रात में ग्राम फुसेराडीह में एक हाथी के द्वारा यहां के निवासी जगन्नाथ के घर की दीवार को तोड़ दिया था।



# प्रधानमंत्री के प्रचार में निकली राजलक्ष्मी का भाजपाइयों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

प्रधानमंत्री मोदी से प्रभावित होकर तमिलनाडू की महिला राजलक्ष्मी मंदा ने बुलेट में तामिलनाडु से नई दिल्ली तक यात्रा शुरू की है। 21000 किमी की यात्रा पर निकली राजलक्ष्मी बुधवार 20 मार्च को पलारी पहुंची, जहां पलारी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया और उनके साहस को नमन किया।

इस दौरान राजलक्ष्मी ने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। एक सक्षम भारत के लिए और विश्व पटल पर देश का नाम देखना चाहते हैं तो नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। मोदीजी के मजबूत और कठोर निर्णय के चलते भारत आज विश्व गुरु बनने की राह पर हैं। उन्होंने बताया कि 18 अप्रैल को वे दिल्ली पहुंचने वाली हैं। भाजपा मंडल पलारी के कार्यकर्ताओं ने बुलेटरानी राजलक्ष्मी मंदा का अभिनंदन किया। फूल माला एवं ढोल बाजे, फटाके के साथ भारत माता की जय, भाजपा जिंदाबाद के नारे के साथ स्वागत किया।



# होली पर ग्राहकों के इंतजार में नगाड़ा और पिचकारी व्यवसायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

होली त्यौहार को अब केवल दो दिन शेष रह गए हैं। लेकिन, बाजार सूना है, और होली के बाजार ने अब तक रंग नही पकड़ा है। नगाड़े और पिचकारियों की दुकानों में अभी भीड़ नजर नही आ रही है जिसके चलते व्यापारी काफी चिंतित हैं। वहीं लोगों की मानें तो शनिवार के बाद से त्यौहारी खरीददारी अपना जोर दिखाएगी। नगर के बस स्टैंड से लेकर बाजार और मुख्यमार्ग, गली मोहल्लों सहित गांव गांव में चिल्हर और थोक व्यापारी रंग-गुलाल की बिक्री कर रहे है। इसके पहले के वर्षों में किसी भी पर्व की खरीदी के लिए आसपास के ग्रामों के लोग नगर की दुकानों में पहुचते थे। ग्रामीण क्षेत्रो में भी होली के लिए



आवश्यक सामग्री गांव-गांव तक पहुच चुकी है जिसे ग्रामीण अपने ग्राम में ही आसानी से खरीद रहे है। यही कारण है कि नगर के विभिन्न क्षेत्रों में लगने वाली दुकानों में सन्नाटा पसरा हुआ है। बहरहाल पूर्व में होली, रक्षाबंधन एवं दिवाली के पर्व में मौसमी व्यापार कर अपनी साल भर की आजीविका आसानी से चला लेते थे परन्तु अब बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने इस तरह के काम करने वालों को भी संकट में डाल दिया है।

## पेज 9 के शेष

### पुलिस ने की...

द्वारा समस्त दुकानदारों को मुखौटा आदि न बेचने की हिदायत दी। व्यापारियों को बताया गया कि आपराधिक प्रवृत्ति के लोग मुखौटा का फायदा उठाकर विभिन्न प्रकार की घटनाएं कर सकते हैं।

### शादी का प्रलोभन...

आरोपी मानसिंह बंजारे द्वारा अपराध घटित करना पाये जाने पर 22 मार्च को गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### मतदाता जागरूकता ...

पेंटिग पोस्टर काम्पिटीशन के पश्चात स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर कलेक्टर के साथ फोटो खिंचवाए। कलेक्टर ने सभी बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग की सराहना करते हुए बच्चों से इस विषय पर बातचित की गई।

### होली पर हो ...

सहित अन्य सदस्यों ने आग्रह किया है होली के इस पर्व पर एकजुट होकर होलिका दहन के दिन भगवान नरसिंग एवं प्रह्लाद होलिका माता के पूजन कर समाज से नशामुक्त एवं कुरीतियों को दूर करने का संकल्प ले।

संकीर्तन यात्रा में मुख्य रूप से अधिवक्ता पुनेश्वर नाथ मिश्रा, जितेंद्र पटेल, दिनेश साहू, चन्द्रप्रकास साहू, अनिल धीवर, रामकुमार साहू, बाबूलाल साहू, राजकुमार साहू, लक्ष्मी साहू, नीलू साहू, भगवती साहू, सम्मेलाल साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं समिति के सदस्य उपस्तिथ रहे।

## रविवि परिसर में आत्महत्या का प्रयास करने वाले छात्र को एम्स ने किया डिस्चार्ज

# मोटरनुमा हथियार तैयार कर खुद के पेट में गोली की तरह मारे छर्रें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि परिसर में स्वयं द्वारा तैयार किए गए आत्मघाती सामग्री से आत्महत्या करने की कोशिश करने वाले छात्र को एम्स प्रबंधन ने लंबे चले इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया है। फिलहाल छात्र को बाह्य ट्यूब के माध्यम से खाना दिया जा रहा है। एम्स प्रबंधन के अनुसार, दूसरे चरण में चिकित्सकों द्वारा इसे हटाकर मुख से खाना देने का प्रयास किया जाएगा। गौरतलब है कि एनआईटी के 19वर्षीय छात्र ने रविवि के ज्ञान सरोवर में विस्फोटक सामग्री से खुद को उड़ा लिया था। इसके बाद छात्र को एम्स में भर्ती किया गया था। इसके पूर्व भी छात्र द्वारा कई बार आत्महत्या की कोशिश की जा चुकी है।

■ ट्यूब से खाना देकर बचाई जान

एम्स प्रबंधन के अनुसार, छात्र ने मोटरनुमा हथियार तैयार कर खुद के पेट में गोली की तरह छर्रे मारने का प्रयास किया था। इमरजेंसी में भर्ती होने तक छात्र होश में था परंतु चिकित्सकों के नियमित प्रयासों के बाद भी ह्दय गति निरंतर बढ़ रही थी। सर्जरी टीम ने पाया कि छात्र द्वारा निर्मित हथियार की वजह से उसके पेट में दो गुणा दो सेमी और एक गुणा एक सेमी के दो छिद्र बन गए हैं। हथियार में प्रयुक्त धातु के छर्रे पेट के अंदर आंतों को भेदते हुए रीढ़ की हड्डी के पास जाकर फंस गए थे। छात्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए सर्जरी की टीम ने तुरंत एक्सप्लोरेटरी लेप्रोटॉमी सर्जरी का निर्णय लिया।



### पहले भी किया आत्महत्या का प्रयास

गौरतलब है कि छात्र द्वारा रविवि कैंपस में दोपहर 3 बजे आत्महत्या का प्रयास किया गया था। कैंपस में हुई इस घटना ने सभी को चौंका दिया था। पुलिस जांच में सामने आया कि छात्र द्वारा पहले भी आत्महत्या की कोशिश की जा चुकी है। छात्र ने स्वयं ही विस्फोटक सामग्री से आत्मघाती सामग्री तैयार की थी। छात्र के बैग से इससे जुड़ी चीजें भी पुलिस को मिली थीं। जानकारी के अनुसार, छात्र एनआईटी का है। लंबे चले इलाज के बाद अब उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### पेट में ही एकत्र हो गया बहा हुआ खून

सर्जरी से पूर्व टीम का मानना था कि इस प्रकार की प्रक्रिया में काफी रक्तस्त्राव हो सकता है। सर्जरी के दौरान ऐसा ही हुआ। चोट के कारण छात्र का दो लीटर से अधिक रक्त निकल चुका था जो पेट में एकत्रित था। सर्जरी टीम ने सर्जरी के तुरंत बाद समय पर रक्तस्त्राव करने वाली नस का उपचार प्रारंभ किया। छात्र का ब्लड प्रेशर निरंतर कम हो रहा था। यह 40/18 तक पहुंच चुका था, लेकिन सर्जन्स के प्रयास से इसे नियमित कर दिया गया। डॉ. शिवराज, राधाकृष्ण रामचंदानी, डॉ. कृष्णा जांगिड, डॉ. टोखो और डॉ. एशरिया, डॉ. जीवन वर्मा, डॉ. विशाल मोहंती, डॉ. तेजा, डॉ. चंदन डे, डॉ. मुस्सविर और डॉ. प्रशांत भी टीम का हिस्सा रहे।

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार एम.ए. फुड प्रोडक्ट्स द्वारा पार्टनर श्री जयेश सचदेव आत्मज श्री अजय सचदेव निवासी रूपरेला गली रमण मंदिर वार्ड रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. पिन नं. 492001 के द्वारा ग्राम चंदेरी प.ह.नं. 12 राजस्व निरिक्षक मंण्डल सिमगा तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार- भाटापारा छ.ग. की निम्न भू-स्वामीयो से उनकी हक स्वामित्व व अधिपत्य की भूमि क्रय कर पंजीकृत विक्रय विलेख का निष्पादन किया जाने वाला है-

1. भू-स्वामी प्रदीप साहू पिता पंचम साहू निवासी चंदेरी तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. पिन नं. 493101 खसरा नं. 488/3 रकबा 0.120 हे.
2. भू- स्वामी भगत आडिल पिता भग्गु निवासी चंदेरी तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. पिन नं. 493101 की भूमि खसरा नं. 457/2 रकबा 0.230 हे.

अतः किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय, अर्धशासकीय, शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वत्व एवं अधिपत्य के संबंध में कोई भी दावा या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित या मोबाईल नं. 9301307152, 8770903083 पर सूचना देकर आपत्ति सात दिवस के भीतर प्रस्तुत करे सात दिवस के पश्चात की गई कोई भी दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नही होगा तथा अवैध व शुन्य माना जावेगा। सो सूचना जाने

दिनांक : 22.03.2024 स्थानः सिमगा

**सूरज कुमार गुप्ता, अधिवक्ता**
**व्यवहार न्यायालय सिमगा**
**मोबा. 9301307152**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्रीमती रूकमणी पटेल, जागेश्वरी पटेल, केवरा पटेल, निर्मल पटेल, भुवनेश्वर पटेल, नंदलाल पटेल की ओर से अधिकृत व निर्देशित होकर यह आम सूचना प्रकाशित करता हूँ। मौजा कौवाताल प.ह.न. 12, रा.नि.मं. गिरौद तहसील टुण्डरा, जिला बलौदा बाजार भाटापारा (छ.ग.) भूमि खसरा नंबर 4, 7, 35, 172, 179, 200, 227, 245, 312, 317, 360, 515, 541, 543, 549, 565/1, 565/2, 567/3, 575, 584, 584, 590, 593, 618, 638, 641, 565/1, 659, 673, 775, 789/4, 814, 826, 850, 852, 863, 919, 923/1, 924/1, 924/2, 926, 934/2, 939, 952, 980, 989, 995, 996, 1001, 1040, 1023, 1022, 1035, 1036, 1047, 1080, 1097, 1127, 1149, 1212, 1223, 1245, 1249, 1270, 1381, 1384, 1429/2, 1431, 1490, 1516/1, 1547, 1548, 1615, 1384, 1657 योग 69 कुल रकबा 9.540 हेक्टे (23.57 एकड़) भूमि जो वाद वास्ते घोषणा स्थायी निषेधाज्ञा वास्ते व्या.वा. वर्ग-02 कसडोल जिला रायपुर के व्या. वा. क्र 33-ए/2008 में पारित निर्णय दिनांक 15.10.2008 द्वितीय अपर जिला न्यायाधीश बलौदा बाजार न्यायालय सिविल अपील क्र 50-अ/2013 में पारित निर्णय दिनांक 31.07.2014 अवैध एवं शून्य घोषित करने बाबत व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-01 कसडोल में जिसका व्य.वाद क्र 24/ए/2019 मामला लंबित है। उक्त संपत्ति विवादित है। जो मेरे पक्षकार के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि है, जिससे कन्हैया पटेल द्वारा फर्जी तरीके से अपना मानकर विक्रय निष्पादित श्रीमती वीनम श्रीवास्तव, श्रीमती बलदमती, दुलारी राम पटेल के पक्ष में किया है, मेरे पक्षकार के उपर दबाव देते उनके काबिज कास्त भूमि को फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कर कब्जा प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है, उनके विरूद्ध शिकायत थाना चौकी गिरौदपुरी थाना टुण्डरा एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक बलौदा बाजार भाटापारा (छ.ग.) में किया जा चुका है, जिसकी जॉच लंबित है। उपरोक्त संपत्ति पर कोई भी व्यक्ति संस्था / निकाय/अर्द्धशासकीय / शासकीय संस्था इत्यादि उक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई भी संव्यवहार करता है, वह शून्य व निष्फल होगा, उनके विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी एवं परिणाम के स्वयं जिम्मेदार होगे ।

सो सूचना जाने।

दिनांक 21.03.2024
स्थान : कसडोल

**भवदीय**
**अशोक गढ़ेवाल (अधिवक्ता)**
**जिला न्यायालय,**
**उच्च न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो.न. 9329195185, 9827410563**

## खबर संक्षेप



### झिटकी में कामधेनु रुद्र महायज्ञ हुआ

**नर्रा**। ग्राम झिटकी में लक्ष्मीनारायण कामधेनु रुद्र महायज्ञ का आयोजन 14 से 17 मार्च तक शीतला मंदिर परिसर में किया गया। यज्ञ आचार्य पं हितेश प्रसाद दुबे, पं सुरेंद्र दुबे, उमाशंकर मिश्र एवं रामबाबू गौ सेवक, पं. पुष्कर शर्मा इत्यादि द्वारा विधि विधान से वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ ब्रह्मांड नायक लक्ष्मीनारायण कामधेनु रुद्र माह यज्ञ का पूर्ण आहुति दी गई। मुख्य जजमान के भूमिका में ठाकुरसिंह दीवान एवं जैयनी बाई दीवान उपस्थित रहे। प्रथम दिवस कलश यात्रा एवं गौरी पूजन के पश्चात ज्योति प्रज्वलन की गई। प्रतिदिन हवन पूजन के बाद प्रसादी वितरण, रामायण व प्रवचन के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। इस पुनीत महायज्ञ हवन कुंड में ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### शहीद दिवस पर कार्यक्रम आज

**महासमुंद**। पूर्व सैनिक संगठन द्वारा ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 23 मार्च को शाम 6 बजे शहीद दिवस मनाया जाएगा। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव देश के सच्चे सपूत थे। उन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दे दिया। हर साल 23 मार्च को शहीद दिवस के रूप से मनाया जाता है।

### रामकुमार ध्रुव नोडल अधिकारी नियुक्त

**महासमुंद**। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान के संबंध में जारी एसओपी की कंडिका 2.6 के अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान दिवस को उपयोग में आने वाले वाहनों के वाहन चालक, कंडक्टर एवं हेल्पर को प्रारूप-12 वितरित करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने जिला परिवहन अधिकारी यातायात रामकुमार ध्रुव को नोडल अधिकारी अधिकृत किया है।

### मतदाता जागरुकता अभियान प्रारंभ



**महासमुंद**। राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक डॉ मालती तिवारी के निर्देशन में लोकसभा चुनाव के लिए जागरुकता अभियान प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत लोगों को संदेश दिया जा रहा है कि देश के प्रत्येक नागरिक को अपने मतदान अधिकार का प्रयोग करना चाहिए और एक जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य भी निभाना चाहिए। गुड शेफर्ड स्कूल महासमुंद की अनिता वंजारी कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, शाला के प्राचार्य एमएस राव के नेतृत्व में समस्त स्टाफ के साथ मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। लोगों को मतदान का महत्व भी बताया जा रहा है।

### पंचायतों के खाते में नहीं आई 15वें वित्त की राशि

**महासमुंद**। सरपंच संघ अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्राकर ने कहा कि ग्राम पंचायतों के खाते में 15 वें वित्तीय मद की राशि एवं मनरेगा मूलभूत की राशि जमा नहीं कराई गई। ग्राम पंचायत के सरपंचों को छोटे-छोटे कार्य जैसे नाली निर्माण, नाली मरम्मत, सफाई अभियान, पेयजल निरस्त के लिए तालाबों में पानी भराई कार्य कराया गया। संबंधितों को भुगतान नहीं हो पा रहा है। मनरेगा अंतर्गत चल रहे कार्यों का मजदूरी भुगतान समय पर नहीं होने के कारण मजदूरों द्वारा नाराजगी जाहिर किया जा रहा है। उन्होंने 105 ग्राम पंचायतों के खाते में 15वे वित्त की राशि एवं मूलभूत एवं मनरेगा अंतर्गत समय पर मजदूरी भुगतान कराने का आग्रह किया है। सरपंच एवं सचिवों का मानदेय नहीं मिलने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# कार्यशाला में बच्चों ने शेर, बंदर, भालू के मुखौटे बनाकर दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

बच्चों के भीतर छिपी रचनात्मकता को बाहर निकालने और अभिव्यक्ति का माध्यम देने के लिए शासकीय शालाओं में समय–समय पर विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में विकासखंड सिमगा के शासकीय प्राथमिक शाला पौंसरी की शिक्षिका भारती वर्मा द्वारा बच्चों के लिए मुखौटा निर्माण का कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने अपने पसंद के मुखौटों का निर्माण शिक्षिका के मार्गदर्शन में किया।

शिक्षिका वर्मा ने बताया कि आगामी दिनों में होली का त्यौहार आने वाला है, जिसमें बच्चे रंग गुलाल खेलते हैं। कई रंग बच्चों के नाजुक त्वचा के लिए नुकसानदायक होता है। बच्चों को इस केमिकलयुक्त रंगों से बचाने और उनमें कलात्मक विकास के लिए निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। ज्ञात हो कि नई राष्ट्रीय शिक्षा 2020 में खेल आधारित शिक्षण को बढ़ावा देने का प्रावधान किया गया है, ताकि बच्चे खेल खेल में आनंदमयी तरीके से पाठ की अवधारणाओं को सीख व समझ सके। खिलौने न सिर्फ बच्चों का मनोरंजन करते हैं बल्कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सामजिक व सामुदायिक भावना का भी विकास करते हैं। स्कूली शिक्षा को रुचिकर बनाने एवं बच्चों में रचनात्मक सोच के विकास के लिए पाठ्यक्रम में पतंग, नौका, टोपी, लट्टू, गुलेल, शतरंज, मुखौटे, कठपुतली, हडप्पाकालीन खिलौने, घूमने वाला चक्र, मिट्टी के बर्तन, वाद्य यंत्र आदि खिलौनों की मदद ली जा रही है।

## मुखौटों का निर्माण शिक्षिका के मार्गदर्शन में किया



### बच्चों में कौशल का विकास होता है

प्रधानपाठक पुष्पलता नायक ने कहा कि कला और शिक्षा का आपस में घनिष्ट सम्बन्ध है। बच्चों को खासकर छोटे कक्षा के बच्चों को सीखने–सीखाने की प्रवृत्ति की ओर अग्रसर करने में कलात्मक शिक्षा का विशेष महत्त्व है। कलात्मक शिक्षा के कई सारे रूप है, उनमें से एक है मुखौटा बच्चे इसका उपयोग मौखिक संवाद और अभिनय करने के लिए करते हैं। यह प्रारंभिक कक्षाओं के लिए बेहतर है। बच्चों में रंग भरना, पेंटिंग करना, काटना, लिखना और बोलना आदि कौशल का विकास होता है।

## आयुष्मान कार्ड पर भाजपा गंभीर, प्रदेश उपाध्यक्ष और स्वास्थ्य मंत्री के नाम

# भाटापारा के सभी निजी अस्पतालों में हो आयुष्मान योजना का संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सरकार द्वारा संचालित चिकित्सीय विपदा में अहम संबल आयुष्मान भारत योजना की महत्ता विरोधी राजनीतिक दल भी स्वीकार करते हैं। इसकी बानगी समय-समय पर उनके वक्तव्यों से भी प्रकट हो जाती है। साथ ही साथ इस महत्वपूर्ण एवं अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना की कुछ कमियों की ओर भी लोगों का ध्यान जाता है तथा इन्हीं कमियों के चलते यह योजना आज भी संपूर्ण क्षेत्रों एवं जनमानस में संबल प्रदान करने में पूरी तरह सफल नहीं हो पा रही है।

जन सरोकारों के मसले पर सतत सक्रिय सरयू साहित्य परिषद द्वारा इस पीड़ा और परेशानी को महसूस करते हुए इस दिशा में एक हजार से अधिक जन हस्ताक्षरित ज्ञापन विधायक इन्द्र साव को सौंपने के साथ ही प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा को भी ज्ञापन सौंपा गया। इसके अलावा एसडीएम कार्यालय जाकर स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया, जिसमें एक सूत्रीय यही मांग रखी गई है कि भाटापारा के सभी निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना का संचालन किया जाये। ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रुप से गौरीशंकर शर्मा, पं. दुर्गा प्रसाद तिवारी, मुकेश शर्मा, प्रकाश तिवारी, जितेन्द्र गौरहा, अजय तिवारी, मनोज साव उपस्थित थे।



### योजना चयन में अस्पतालों की स्वतंत्रता

इस योजना के अन्तर्गत एक महत्वपूर्ण कड़ी यह है कि योजना संचालन में अस्पतालों की स्वतंत्रता और कई क्षेत्रों में जनमानस को इस योजना से महरूम करती हुई नजर आ रही है तथा निजी अस्पतालों की अनिच्छा उक्त क्षेत्र में इस योजना के समुचित संचालन में बाधक साबित हो रही है, जिसकी बानगी भाटापारा क्षेत्र में स्पष्ट रुप से नजर आती है।

### आयुष्मान से वंचित हैं भाटापारावासी

भाटापारा जैसे वृहद सरोकार वाले क्षेत्र में एक मात्र निजी अस्पताल में आयुष्मान योजना का संचालन होना इस योजना से क्षेत्र को वंचित होना ही कहा जाएगा, क्योंकि जिस अस्पताल में इस योजना का संचालन होता है वह अस्थि समस्या से जुड़ा प्रकल्प है, लिहाजा अन्य शारीरिक परेशानी आने पर भाटापारा में इस योजना का लाभ मिलना मुमकिन नहीं है, जो कि भाटापारा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र के लिए एक बड़े कुठाराघात से कम नहीं है।

# खंड चिकित्सा अधिकारी की टीम ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मूल्यांकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

खंड चिकित्सा अधिकारी बिलाईगढ़ डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव के मार्गदर्शन में कायाकल्प योजना के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ का उन्नयन किया गया है, ताकि स्वास्थ्य केन्द्रों में आने वाले मरीजों के लिए तथा वहां कार्यरत चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मचारियों के लिए स्वच्छता के साथ संक्रमण मुक्त साफ सुथरा पर्यावरण एवं उचित अवशिष्ट प्रबंधन सहित स्वास्थ्य सुविधाए उपलब्ध कराई जा सके। ऐसे स्वास्थ्य केंद्र को बढ़ाने के अनुकरणीय कार्य करने के लिए राज्य से पुरस्कृत किया जाता है। कायाकल्प की तैयारी हेतु समस्त चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मचारी पिछले 15 दिनों से अस्पताल परिसर एवं अंदर के कक्ष की साफ सफाई एवं सामानों को व्यवस्थित करने में लगे हुए हैं। पौधा रोपण कर गार्डन निर्माण किया गया है। राज्य नोडल अधिकारी द्वारा नामित डॉ. प्रदीप टंडन राज्य कार्यक्रम प्रबंधक, डॉ. रोशन गुप्ता राज्य सलाहकार, साहिल मसीह राज्य सलाहकार की अगवाई में तीन सदस्यीय टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलाईगढ़ का मूल्यांकन किया।

### रिकार्ड की हुई चेकिंग

खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा नोडल अधिकारियों को पूरे अस्पताल परिसर की विजिट कराया, जिसमें स्टोर कक्ष, एक्स-रे कक्ष, लेब कक्ष, ओपीडी कक्ष, दवाई कक्ष, वार्ड भर्ती कक्ष, एनसीडी कक्ष, नेत्र कक्ष, लेबर कक्ष और ऑपरेशन कक्ष इत्यादि विजिट के बाद राज्य टीम द्वारा मीटिंग हॉल में समस्त स्टाफ की मीटिंग ली। सभी विभाग के समस्त रिकार्ड चेक किए गए।

# न्योता भोज में दिखाई महिला स्व सहायता समूह ने रुचि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

विकासखंड सिमगा के संकुल स्त्रोत केन्द्र चौरेंगा के पूर्व माध्यमिक शाला चंदेरी में न्योता भोज का आयोजन कराया गया। यह भोज ग्राम पंचायत चंदेरी के अमृत सागर महिला स्वसहायता समूह व शाला के समस्त शिक्षक के सहयोग से आयोजित किया गया। इस प्रकार के कार्यक्रम के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी शिवकुमार गेंदले ने मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश प्रदान किए। न्योता भोज में खीर, पूरी, केला, अंगूर, भजिया, जलेबी, आचार, पापड़, बड़ा एवं सलाद वितरण किया गया। सहायक सचिव उमेश गोस्वामी ने बताया कि न्योता भोज में आज 86 बच्चे शामिल हुए। इस भोज कार्यक्रम में बीईओ एसके गेंदले, सरपंच विशालदास मानिकपुरी, संकुल प्रभारी आरके ध्रुव संकुल केंद्र–बनसंकरा, प्रधानपाठक गणेश राम सेन व संस्था के शिक्षकगण भी उपस्थित हुए। तत्पश्चात संकुलसमन्वयक रोशन साहू द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों एवं स्वसहायता समूह का आभार प्रगट किया गया एवं उपस्थित शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में इस प्रकार के आयोजन करते रहने हेतु आवश्यक सुझाव सह दिशा निर्देश प्रदान किया गया।

वहीं सिमगा के आदर्श प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला परिवार द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के अंतर्गत विद्यालय में न्योता भोज का आयोजन किया गया। अतिथियों को कुमकुम लगाकर बुके देकर विद्यालय परिवार द्वारा स्वागत किया गया, जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी एसके गेंदले, संकुल प्राचार्य आशीष शर्मा, संकुल समन्वयक सत्यव्रत मिश्रा, जनभागीदारी के सदस्य पुरुषोत्तम पाटकर, रेशम लाल गैडरे, कुशुम सिंग, अनिमा श्रीवास्तव, मानिकपुरी मेडम, दिव्या तंबोली उपस्थित रहे।



### 86 बच्चों को खीर, पूरी, केला, अंगूर, भजिया जलेबी, आचार एवं सलाद का वितरण किया

बच्चों को चावल, खीर, पूरी, छोले की सब्जी, दाल कढ़ी, जलेबी, केला, अंगूर, पापड़, अचार, सलाद परोसा गया। जेवरा के शिक्षक पुस्कर भोसले व्याख्याता द्वारा अपने बहन के जन्म दिन पर छात्रों को खीर का वितरण किया। एसके गेदले ने इस आयोजन में जन प्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारी सहित विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों को विद्यालय में न्योता भोजन कराने आगे आने कहा। संकुल प्राचार्य आशीष शर्मा ने कहा ऐसे आयोजन कराने से स्कूलों में छात्रों की संख्या बढ़ेगी।

### अहिल्दा स्कूल में हुआ न्योता भोज



**लवन**। नगर के समीप ग्राम अहिल्दा में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजक लवन नगर के पार्षद मृत्युंजय पांडे ने अपने पुत्र अभिविज्ञान के जन्म दिवस पर किया। उनके द्वारा बच्चों के लिए जलेबी, फ्रूटी, केला, पूरी-सब्जी, खीर परोसी गई। इस अवसर पर उनके साथ सतीश पांडे, अखिलेश जोशी, सुशील बंजारे, अजय बावे, ग्राम अहिल्दा से रघुराम वर्मा, जन भागीदारी अध्यक्ष डागेश्वर मानिकपुरी, उपाध्यक्ष रवि घृत लहरे, साधे लाल पटेल, रामेश्वर निर्मलकर, घुर ऊराम वर्मा, प्रधान पाठक अरविंद कुमार मिश्रा, शालनी बाजपेई, विश्वनाथ कोसले, ईश्वर साहू, समन्वयक सुशील कुमार सोनवानी, अरुण साहू, समन्वयक सरखोर आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# गीता के ज्ञान से मन होता है स्थिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम कोसरंगी में सोनी परिवार की ओर से आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के विश्राम दिवस पर शुक्रवार को कथावाचक भागवत संत निरंजन महाराज ने गीता प्रवचन, कपिल तर्पण पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि, जो ज्ञान ह्दय में स्थिर रहे वही गीता है। जो अपना धर्म समझ गया वह गीता को समझ गया। मानव का अपना धर्म है। मानव को अपना धर्म कभी नहीं भूलना चाहिए।

भागवत कथा के अंतिम दिन यज्ञ हवन, कपिल तर्पण के साथ ही आम भंडारा में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे। इसी तरह हवन में भी लोगों ने सहभागिता निभाई। कपिल तर्पण के सतधरा जल से उपस्थित जन समूह को पंडितों ने छिड़काव भी किया। भगवताचार्य ने हवन पूर्णाहुति में पहुंचकर यज्ञ नारायण भगवान को प्रमाण किया। भावविभोर का वह क्षण भी आया जब आचार्य ने आभार व्यक्त करते हुए आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जब भी यहां कोई प्रवचनकर्ता, साधुसंत पहुंचे तो उनका भी वैसा ही स्वागत सम्मान करना जैसा उनका

## भागवत कथा के अंतिम दिन उमड़ा आस्था का जनसैलाब



### वैभव प्राप्त करना है तो जीवन में प्रभु भक्ति को विराजित करना होगा

कथा व्यास ने कहा कि, वैभव प्राप्त करना है तो अपने जीवन में प्रभु भक्ति को विराजित करना होगा। हवन–पूजन के बाद भागवत भगवान के भंडारा में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान लोग प्रसादी लेने कथा स्थल पहुंचते रहे। भागवत कथा के विशाल आयोजन का ही फल था कि लोग स्वतः भंडारा में अपनी सहभागिता निभा रहे थे। अंतिम दिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया और शाम पांच बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कथा व्यास ने कहा कि, यदि संत नहीं बन सकते तो संतोषी बन जाओ। संतोष सबसे बड़ा धन है। उन्होंने कहा कि भगवान पर विश्वास और भरोसा मजबूत होना चाहिए। जो भी भक्त ईश्वर पर आस्था और विश्वास करता है उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

### ईश्वर को प्रसन्न रखने प्रतिदिन गाय को रोटी खिलाये

उन्होंने कहा जो व्यक्ति संस्कार युक्त जीवन जीता है, वह जीवन में कभी कष्ट नहीं पा सकता। व्यक्ति के दैनिक दिनचर्या के संबंध में उन्होंने कहा कि ब्रह्म मुहूर्त में उठना, दैनिक कार्यों से निवृत होकर यज्ञ करना, तर्पण करना, प्रतिदिन गाय को रोटी देने के बाद स्वयं भोजन करने वाले व्यक्ति पर ईश्वर सदैव प्रसन्न रहते हैं। इस भागवत कथा में परीक्षित यजमान भूपेंद्र कुमार, सुषमा सोनी, विजय कुमार, विजयलक्ष्मी सोनी, विनोद, सिद्धांत ओमकार, मुस्कान, कृष्णा, दक्ष कुमार, कुमारी सोनी, दुलारी सोनी, दुलभ सोनी, शकुंतला सोनी, करुणा सोनी, अनीता सोनी, शोभा सोनी, समस्त सोनी परिवार द्वारा आयोजन किया गया था। संतोष सबसे बड़ा धन है। उन्होंने कहा कि भगवान पर विश्वास और भरोसा मजबूत होना चाहिए। जो भी भक्त ईश्वर पर आस्था और विश्वास करता है उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।

